| 6. | श्रीमती पारुल सिंह | एल0डी0सी0 | I | 03.11.2023 | Level-03, Rs. 21700-69100 |

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि प्रस्ताव को सम्पूर्ण पत्रावली के साथ 18.08.2025 को होने वाली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।**

प्रस्ताव संख्या 16

**समविश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्थायी रुप से कार्यरत शिक्षकेत्तर कर्मचारी स्व0 श्री हेमन्त कुमार के देहावसान उपरान्त देय MACP योजना के अन्तर्गत प्रोन्नत वेतनमान का लाभ दिये जाने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव।**

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्थायी रुप से कार्यरत स्व0 श्री हेमन्त कुमार को MACP योजना के अन्तर्गत प्रोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने हेतु यथानियम व प्रक्रियानुसार कार्यवाही की गयी है। अतः स्व0 श्री हेमन्त कुमार को देय तिथि से MACP का लाभ दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि प्रस्ताव को सम्पूर्ण पत्रावली के साथ 18.08.2025 को होने वाली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।**

प्रस्ताव संख्या 17

**समविश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षकेतर वर्ग के पदों पर हुए पदोन्नति के लिफाफों को खोलने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में अनुरक्षण अनुदान के अन्तर्गत शिक्षकेत्तर वर्ग के कुछ पदों पर निम्न पद से उच्च पद पर पदोन्नति का प्रावधान होता है, जो कि योग्यता, वरिष्ठता एवं टंकण परीक्षा के आधार पर पदों के अनुसार होती है। वर्तमान में समविश्वविद्यालय में अनुभाग अधिकारी, प्रोफेशनल असिस्टेन्ट, सेमी प्रोफेशनल असिस्टेन्ट, सहायक एवं उच्च श्रेणी लिपिक पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरा जाना था जिस हेतु दिनांक 21.07.2024 एवं 24.07.2024 को

समविश्वविद्यालय रिक्रुटमेन्ट रुल्स 2020 के अनुसार विभागीय परीक्षा, वरिष्ठता–कम फिटनेस एवं वार्षिक मूल्यांकन (ए.सी.आर.) ग्रेडिंग के आधार पर विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण कर योग्य कर्मचारियों का चयन किया गया। जिनके लिफाफे सीलबन्द हैं।

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि प्रस्ताव को सम्पूर्ण पत्रावली के साथ 18.08.2025 को होने वाली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 18** **समविश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) आधार पर वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से नियुक्त शिक्षकों की संपुष्टि के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में AICTE से स्वीकृत पाठ्यक्रम M.Tech तथा अन्य विभागों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए (स्ववित्तपोषित नियमावली–2020 के बिन्दु 3.8 के आलोक में मान्य कुलपति महोदया की अध्यक्षता में) दिनांक 13.08.2024 एवं 14.08.2024 को वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से निम्न शिक्षकों की नियुक्ति माह अगस्त 2024 से आरम्भिक रुप से छः माह हेतु अनुबन्ध आधार पर की गयी :–

**स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गतः–**

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | देय फिक्स वेतन प्रतिमाह | विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कुलदीप | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग |
| 2 | श्री शशांक शर्मा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग |
| 3 | श्री अभिशान्त शर्मा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग |
| 4 | श्री मुकेश चन्द्र आर्य | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग |
| 5 | श्री लोकेश भारद्वाज | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग |
| 6 | श्री अवरिल अवस्थी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग |
| 7 | श्री संजय सिंह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यू0 इंजी0 |
| 8 | डॉ0 प्रशान्त कौशिक | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | अंग्रेजी, अनुप्रयुक्त विज्ञान |
| 9 | श्री प्रदीप सिंह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अनुबन्ध) | रु.40,000 / – | गणित, अनुप्रयुक्त विज्ञान |

उपरोक्त शिक्षकों की छः माह की अवधि माह फरवरी 2025 में पूर्ण होने तथा विभागीय शिक्षण कार्य की आवश्यकताओं को देखते हुए पूर्व में जारी नियुक्त पत्रों के तारतम्य में अस्थायी रुप से अनुबन्ध सेवा अवधि को दिनांक 31.05.2025 तक बढ़ाया गया तथा पुनः इनका कार्यकाल 31.12.2025 तक बढ़ाया गया है।

**प्रबन्ध मण्डल द्वारा स्वीकृत एवं अंकन किया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 19** **समविश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति, मान्य कुलपति एवं वित्त अधिकारी के रुप में पूर्व में कार्यरत अधिकारियों के अंकन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के रुप में महत्वपूर्ण पदों पर माननीय कुलाधिपति, मान्य कुलपति एवं वित्त अधिकारी के रुप में जिन महानुभाव द्वारा पदभार ग्रहण किया है। उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम | अवधि | नियुक्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 सत्यपाल सिंह | मान्य कुलाधिपति | 12.02.2024 से 11.02.2025 तक | शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 8-1/2024-U.3A दिनांकित 09.02. 2024 |
| | | | 12.02.2025 से 11.05.2025 तक | शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 8-1/2024-U.3A दिनांकित 12.02. 2025 |
| 1. | प्रो0 सोमदेव शतान्शु | मान्य कुलपति (कार्यवाहक) | 29.10.2022 से 28.05.2024 तक | मान्य कुलाधिपति जी के पत्र संख्या 8 / 2022–23 / 922 दिनांक 29.10.2022 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | डॉ0 अम्बुज कुमार शर्मा | मान्य कुलपति (कार्यवाहक) | 29.05.2024 से 31.07.2024 तक | मान्य कुलाधिपति जी के पत्र संख्या 75/2024–25 दिनांकित 25.05.2024 |
| 3. | डॉ0 हेमलता के. | मान्य कुलपति (कार्यवाहक) | 01.08.2024 से 31.01.2025 तक | शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 8-5/2023-U.3(A) दिनांकित 02.08.2024 |
| | | | 01.02.2025 से 30.04.2025 तक | शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 8-5/2023-U.3(A) दिनांकित 07.02.2025 |
| | | | 01.05.2025 से 05.07.2025 तक | माननीय कुलाधिपति जी के पत्र संख्या Chancellor/GK/DU/2025-26 दिनांकित 05.05.2025 |

**प्रबन्ध मण्डल द्वारा अंकन किया गया।**

प्रस्ताव संख्या 20 **समविश्वविद्यालय में कुछ शिक्षकों के अन्य संस्थानों में नियुक्त होने पर लियन सहित अवैतनिक अवकाश के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में कुछ स्थायी शिक्षकों के अन्य संस्थानों में नियुक्ति होने के कारण उनके द्वारा नियमानुसर लियन सहित अवैतनिक अवकाश लिया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| क्र0सं0 | शिक्षक का नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 हेमवती नन्दन | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (भौतिकी) | 12.07.2023 से 11.07.2024 तक |
| 2. | डॉ0 मौहर सिंह मीणा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संस्कृत) | 11.07.2023 से 10.07.2025 तक |
| 3. | श्री अरुण सिंह अवाना | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अंग्रेजी) | 27.06.2023 से 26.06.2025 तक |

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि सम्बन्धित शिक्षकों को उनका लियन समाप्त होने सम्बन्धी पत्र जारी कर दिये जाएं।**

प्रस्ताव संख्या 21 **समविश्वविद्यालय में कुछ शिक्षकों के अन्य संस्थानों में नियुक्त होने पर इस समविश्वविद्यालय की स्थायी सेवाओं से त्याग–पत्र दिये जाने के सम्बन्ध प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में कुछ स्थायी शिक्षकों के अन्य संस्थानों में नियुक्ति होने के कारण उनके द्वारा नियमानुसर लियन सहित अवैतनिक अवकाश लिया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| क्र0सं0 | शिक्षक का नाम | पदनाम | समविश्वविद्यालय की सेवा त्याग–पत्र दिये जाने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 हेमवती नन्दन | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (भौतिकी) | 11.07.2022 (अपराह्न) |
| 2. | डॉ0 विनय कुमार | प्रोफेसर (संस्कृत) | 21.06.2023 (अपराह्न) |
| 3. | डॉ0 वरुण बक्शी* | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अंग्रेजी) | 25.08.2024 (अपराह्न) |

* माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड–नैनीताल में डॉ0 वरुण बक्शी द्वारा दायर रिट पटीशन संख्या (S/B) 433 of 2024 के निर्णयानुसार दिनांक 24.07.2024 को दिये गये प्रत्यावेदन के अनुसार त्याग–पत्र स्वीकार किया गया।

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि सम्बन्धित शिक्षकों को उनका लियन समाप्त होने सम्बन्धी पत्र जारी कर दिये जाएं।**

प्रस्ताव संख्या 22 **समविश्वविद्यालय में अनुरक्षण अनुदानान्तर्गत स्थायी रुप से कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 05.05.2021 के प्रस्ताव संख्या 11 में हुए निर्णय के अनुसार समस्त कार्यरत स्थायी शिक्षकों/कर्मचारियों से इस आशय का शपथ पत्र लिया जाना चाहिए कि वह अपने सेवा काल में एक बार घोषणा पत्र प्रस्तुत करेंगे कि वे फिक्स चिकित्सा प्रतिपूर्ति लेना चाहते हैं अथवा वास्तविक चिकित्सा प्रतिपूर्ति लेना चाहेंगें तथा कर्मचारियों द्वारा एक बार दिया गया घोषणा पत्र उनके सम्पूर्ण सेवाकाल के लिये लागू

रहेगाा तथा इसको बीच में किसी भी अवस्था में परिवर्तित नही किया जा सकेगा। इस सम्बन्ध में समस्त स्थायी शिक्षकों/कर्मचारियों तत्समय विकल्प पत्र ले लिया गया था।

मान्य कुलपति जी द्वारा शिक्षक/कर्मचारी यूनियन की मांग पर अनुरक्षण अनुदान के अन्तर्गत कार्यरत स्थायी शिक्षकों/शिक्षकेतर कर्मचारियों से एक बार पुनः चिकित्सा प्रतिपूर्ति का विकल्प परिवर्तित करने का अवसर इस आशय से प्रदान किया है कि यदि प्रबन्ध मण्डल द्वारा इस प्रस्ताव का अस्वीकार किया जाता है तो सम्बन्धित शिक्षक/कर्मचारी से विकल्प को वापस ले लिया जायेगा। उक्त के आधार पर कुछ शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा पूर्व का विकल्प परिवर्तित किया गया है। इस सम्बन्ध में यह प्रस्ताव है कि चूंकि चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा वित्तीय वर्ष में अनुरक्षण अनुदान के अन्तर्गत स्थायी कर्मचारियों को ही प्राप्त होती है। कर्मचारियों की मांग है कि पूर्व की भांति अनुरक्षण अनुदान में कार्यरत कर्मचारियों से वित्तीय वर्ष में एक विकल्प की सुविधा प्रदान की जाए। इससे विश्वविद्यालय पर किसी भी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। कर्मचारी एवं उनके परिवार लाभान्वित होंगे।

**प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत किया गया जिसमें चिकित्सा प्रतिपूर्ति (फिक्स) को 30,000 रुपये से बढ़ाकर 40,000 रुपये कर दिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 23**

**समविश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ0 हरीश चन्द्र द्वारा मान्य उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल में दायर वाद के आलोक में मान्य न्यायालय के आदेश दिनांक 23.10.2024 के क्रम में दिये गये प्रत्यावेदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में स्थायी रुप से असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ0 हरीश चन्द्र के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड–नैनीताल में अपने समविश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर नियमित नियुक्ति के सम्बन्ध में दायर याचिका संख्या WPSB No.446 of 2023 के अन्तर्गत जारी किये गये आदेश दिनांक 23.10.2024 के क्रम में डॉ0 हरीश चन्द्र के उक्त प्रकरण को आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में निर्णय लिये जाने हेतु प्रस्तुत किया जाये।

**18.08.2025 को होने वाली प्रबन्ध मण्डल की बैठक में नियमों के साथ प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 24**

**समविश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ0 हरीश चन्द्र के पूर्व संस्था के वेतनमान एवं मूलवेतन को सुरक्षित रखे जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में स्थायी रुप से असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ0 हरीश चन्द्र इस समविश्वविद्यालय में नियुक्ति से पूर्व हेमवती नन्दन बहुगुणा, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गढ़वाल, श्रीनगर (उत्तराखण्ड) में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद पर स्थायी रुप से कार्यरत थे। गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार के वनस्पति एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद (स्टेज–01) पर इनके द्वारा कार्यभार दिनांक 13.11.2018 को ग्रहण किया गया था। डॉ0 हरीश चन्द्र की पूर्व संस्था में असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद (स्टेज–02) पर प्रोन्नति गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त दिनांक 06.01.2024 से हुई। डॉ0 हरीश चन्द्र द्वारा अपने प्रोन्नत वेतनमान तथा इस समविश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व प्राप्त कर रहे मूलवेतन को सुरक्षित रखे जाने हेतु गठित समिति द्वारा संस्तुति की गयी है कि **"इनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पूर्व की संस्था में प्राप्त वेतन को सुरक्षित किया जा सकता है, परन्तु वेतनमान सुरक्षित रखे जाने का कोई भी नियम नहीं है। डॉ0 हरीश चन्द्र के वेतनमान को सुरक्षित रखे जाने के सम्बन्ध में Competent Authority द्वारा ही अंतिम निर्णय लिया जाना है।"**

**प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव की सम्पुष्टि की गई।**

**प्रस्ताव संख्या 25** **डॉ0 आरती भारद्वाज के निजी सेवा के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में पूर्व में चयनित डॉ0 आरती भारद्वाज के नियुक्ति प्रकरण के सम्बन्ध में इनके द्वारा जो निजी शिक्षण संस्थाओं की सेवाओं के अनुभव के सम्बन्ध में प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 10.01.2021 के प्रस्ताव संख्या 03 (6) में सर्वसम्मति से निजी शिक्षण संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं में की गयी सेवाओं को जोड़े जाने हेतु 09 बिन्दुओं के अनुसार लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त प्रपत्रों को पूर्ण किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किये गये थे। उक्त प्रेषित किये गये पत्र के आलोक में डॉ0 आरती भारद्वाज द्वारा प्रेषित किये गये प्रपत्रों के सम्बन्ध में प्रो0 एम0आर0 वर्मा की अध्यक्षता में गठन किया गया था। समिति द्वारा दिनांक 03.01.2022 को प्रेषित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है।

इस प्रकरण में यह विदित कराना आवश्यक है कि इनकी एवं डॉ. हरिश्चन्द्र तथा डॉ. निशान्त राय के पूर्व संस्था की सेवाओं के सम्बन्ध में सत्यापन हेतु प्रो0 डी0 एस0 मलिक की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट अभी तक समविश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हो पाई है। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त ही इस सम्बन्ध में समविश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा सकती है।

**प्रस्ताव को 18.08.2025 को होने वाली प्रबन्ध मण्डल की बैठक में नियमों के साथ प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 26** **समविश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ0 सत्येन्द्र कुमार राजपूत, प्रोफेसर (अनुबन्ध) द्वारा मान्य उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल में दायर वाद के आलोक में मान्य न्यायायलय के आदेश दिनांक 04.09.2024 के क्रम में दिये गये प्रत्यावेदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत भेषज विज्ञान विभाग में फिक्स वेतन पर प्रोफेसर के रुप में अनुबन्ध आधार पर कार्यरत डॉ0 सत्येन्द्र कुमार राजपूत के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड–नैनीताल में समविश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भेषज विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर/प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हेतु हुए साक्षात्कार/चयन समिति का लिफाफा खोले जाने तथा भेषज विज्ञान विभाग का विभागाध्यक्ष बनाये जाने के सम्बन्ध में दायर याचिका संख्या WPSB No.540 of 2024 के अन्तर्गत जारी किये गये आदेश दिनांक 04.09.2024 के क्रम में मान्य उच्च न्यायालय द्वारा डॉ0 सत्येन्द्र कुमार राजपूत के उक्त प्रकरण को आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में निर्णय लिये जाने हेतु प्रस्तुत किया जाये।

अतः मान्य उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में डॉ0 सत्येन्द्र कुमार राजपूत के एसोसिएट प्रोफेसर/प्रोफेसर पद पर नियुक्ति एवं भेषज विज्ञान विभाग का विभागाध्यक्ष बनाये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**प्रबन्ध मण्डल द्वारा मा. उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड का सम्मान करते हुए फिलहाल डॉ. सत्येन्द्र कुमार राजपूत को प्रोफेसर पद पर ही तीन वर्ष का सेवा विस्तार एवं विभागाध्यक्ष पद, भेषज विज्ञान विभाग तत्काल प्रभाव से दिया जाना स्वीकृत हुआ। इसके साथ ही 18.08.2025 को होने वाली प्रबन्ध मण्डल की बैठक में मा. उच्च न्यायालय द्वारा 04.09.2024 को प्रदत्त आदेश के अनुपालनार्थ निर्णय एवं कार्यवाही हेतु विचारार्थ प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 27** **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 23.05.2023 के प्रस्ताव संख्या 05 अनुसार समविश्वविद्यालय में स्थायी रुप से नियुक्त शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को स्टाफ–वार्ड के अन्तर्गत शुल्क में छूट दिये जाने सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 23.05.2023 के प्रस्ताव संख्या 05 के निर्णयानुसार समवविश्वविद्यालय में स्थायी रुप से नियुक्त शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को स्टाफ–वार्ड के अन्तर्गत शुल्क में छूट दिये जाने सम्बन्ध में दिशा–निर्देश बनाये जाने हेतु प्रो0 एल0पी0 पुरोहित की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति द्वारा दी गयी संस्तुति के बिन्दु निम्नवत् हैः–

1. स्टॉफ वार्ड सुविधा गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार के अनुरक्षण अनुदान योजना एवं स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्थायी रुप से कार्यरत सभी शिक्षकों/शिक्षकेतर कर्मचारियों को देय होगा।
2. स्टाफ वार्ड सुविधा के अन्तर्गत पी0एच0डी0 एवं डी0लिट कोर्स को छोड़कर अन्य सभी कोर्सों में केवल शिक्षण शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की जा सकती है तथा अन्य शुल्क पूर्ण रुप से लिया जा सकता है।
3. स्टाफ वार्ड सुविधा के अन्तर्गत एडमिशन लेने हेतु समविश्वविद्यालय के स्थायी शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मचारियों को चिल्ड्रन एजूकेशन अलाउन्स (सी0ई0ए0) की भांति प्रथम दो वयस्क बच्चों (दूसरी अवस्था में जुड़वा सहित) एवं उसकी पत्नी/पति के लिए देय होगा।
4. स्टाफ वार्ड सुविधा केवल एडमिशन के समय समविश्वविद्यालय में कार्यरत स्थायी शिक्षकों/शिक्षकेतर कर्मचारियों को ही देय होगी। सेवानिवृत्ति के उपरान्त शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मचारियों को उक्त सुविधा का लाभ नहीं दिया जायेगा।
5. उक्त सुविधा का लाभ लेने के लिए शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मचारियों को प्रशासन द्वारा निर्गत स्टाफ वार्ड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

**प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल की 18.08.2025 को होने वाली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 28**

**समविश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून में प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ0 प्रवीणा चतुर्वेदी की वरिष्ठता के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून में प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ0 प्रवीणा चतुर्वेदी ने डॉ0 हेमन पाठक, प्रोफेसर से अपनी वरिष्ठता के सम्बन्ध में प्रेषित शिकायती पत्र के निराकरण के आलोक में प्रो0 रेणु शुक्ला की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। गठित समिति द्वारा संस्तुति की गयी है कि परिसर के कार्यालय उपस्थिति पंजिका में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से ही डॉ0 प्रवीणा चतुर्वेदी का नाम डॉ0 हेमन पाठक से ऊपर है साथ ही **"महत्वपूर्ण और प्रमाणिक डॉक्यूमेंट्स एवं कार्यभार ग्रहण करने के समय के आधार पर डॉ0 प्रवीणा चतुर्वेदी, डॉ0 हेमन पाठक से वरिष्ठ है।"**
इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि इस समविश्वविद्यालय में प्रवक्ता (असिस्टेन्ट प्रोफेसर) के 02 पदों पर चयन समिति की बैठक दिनांक 28.11.1998 की संस्तुति में वरिष्ठताक्रम पर डॉ0 हेमन पाठक प्रथम स्थान पर तथा डॉ0 प्रवीणा चतुर्वेदी द्वितीय स्थान पर अंकित है।

**प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल की 18.08.2025 को होने वाली बैठक में प्रपत्रों सहित प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 29**

**समविश्वविद्यालय में सेमेस्टर एवं अन्य परीक्षाओं में ड्यूटी के लिये पारिश्रमिक भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में सेमेस्टर एवं अन्य परीक्षाओं के केन्द्रों पर संचालित होने वाली परीक्षाओं के लिये विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। पूर्व में परीक्षा ड्यूटी हेतु पारिश्रमिक दिया जाता रहा है। लेकिन कोविड 2019 काल की विषम परिस्थितिओं में परीक्षाऐं ऑनलाईन माध्यम से संपन्न करायी जाती थी। वर्तमान में परीक्षाऐं ऑफलाईन माध्यम से संपन्न करायी जा रही है।

**प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल की 18.08.2025 को होने वाली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 30**

**शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक F. No. 12-4/2024-U.3 (A) दिनांकित 03.03.2025 के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक F. No. 12-4/2024-U.3 (A) दिनांकित 03.03.2025 को समविश्वविद्यालय के प्रायोजक संस्थाओं को (आर्य प्रतिनिधि सभा–पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली) संयुक्त रुप से प्रेषित पत्र में वित्तीय वर्ष 2027–28 तक एम0ओ0ए0 2019 के

अनुसार संचालित करने एवं सम्बन्धित बिन्दुओं/शर्तों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**प्रस्ताव स्वीकार कर अनुमोदित किया गया।**

प्रस्ताव संख्या 31 **समविश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक पदों पर चयनित शिक्षकों के सीलबन्द लिफाफों के सम्बन्ध में गठित समिति की संस्तुति का प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में विज्ञापन संख्या GKV/Estt.-II/01/2021, GK(DU)/Estt.-II/04/2022 एवं GK(DU)/Estt.-II/05/2022 में स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें शिक्षकों के साक्षात्कार चयन समिति के माध्यम स सम्पन्न करा लिये गये थे। साक्षात्कार के उपरान्त विभिन्न आपत्तियों पर विचार करने हेतु सीलबन्द लिफाफों पर निर्णय लिये जाने के लिए प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 23.05. 2023 के प्रस्ताव संख्या–11 के अनुसार निम्न समिति का गठन किया गया था –

1. प्रो. श्रवण कुमार शर्मा, अध्यक्ष
2. डॉ. खेमराज भट्ट, सदस्य
3. कुलपति जी द्वारा नामित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सेवानिवृत्त अधिकारी

**प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल की 18.08.2025 को होने वाली बैठक में वैधता सम्बन्धी नियमों के साथ प्रस्तुत किया जाए।**

प्रस्ताव संख्या 32 **समविश्वविद्यालय में ओ0बी0सी0 अनुदान के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर फिक्स वेतन पर कार्यरत श्री राजेश कुमार पाण्डेय के द्वारा पूर्ण वेतन एवं नियमितिकरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

समविश्वविद्यालय में ओ0बी0सी0 अनुदान के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर फिक्स वेतन पर कार्यरत श्री राजेश कुमार पाण्डेय के द्वारा पूर्ण वेतन एवं नियमितिकरण के सम्बन्ध में दिनांक 04.12.2024 को प्रार्थना–पत्र दिया है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समविश्वविद्यालय में ओ0बी0सी0 अनुदान के अन्तर्गत पूर्व में Tenure/Contract आधार पर स्वीकृत पदों (गैर तकनीकि) पर साक्षात्कार के माध्यम से फिक्स वेतन पर नियुक्ति की गयी थी, जिनका कार्यकाल समय–समय पर बढ़ाया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 35-19/2008 (CU-OBC) Vol.II दिनांकित 19.03.2024 के अनुसार ओ0बी0सी0 अनुदान में प्राप्त पदों का अनुदान अनुरक्षण अनुदान में कर दिया गया है।
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 8-6/2008 (के0वी0वी0) दिनांकित 06.05.2019 के अनुसार पूर्व में ओ0बी0सी0 अनुदान के अन्तर्गत स्वीकृति 08 पदों पर कुछ शर्तों के अधीन नियमित भर्ती हेतु निर्देशित किया है। यू0जी0सी0 के उक्त पत्र में सम्बन्धित पदों हेतु दी गयी शर्तों के आधार पर पूर्व में नियुक्ति की जा चुकी है तथा माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार इन्हें न्यूनतम मूलवेतन पर अन्य सभी भत्तों सहित वेतन का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही ओ0बी0सी0 अनुदान के अन्तर्गत नियुक्त कुछ कर्मचारियों द्वारा अपने नियमितिकरण के सम्बन्ध में मान्य उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड–नैनीताल में दायर वाद संख्या SB No 195, 196, 197, 202 एवं 451 of 2021 में दिनांक 19.11.2024 में हुए निर्णय के अनुसार इनकी नियमितिकरण की प्रार्थना को खारिज कर दिया गया है, परन्तु SB No 496 WPSP-2022 एवं 1402 तथा 590 (WPSP) 2021 में नियमितकरण एवं पूर्ण वेतनमान सम्बन्धित प्रकरण लम्बित है। यू0जी0सी0 द्वारा दिनांक 01.12.2022 को इस संबंध में पत्र प्राप्त हुआ। इस संबंध में यह भी सूच्य है कि पूर्व कुलपति द्वारा इनके प्रकरण में न्यायाधीश महबूब अली की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। समिति की संस्तुति प्राप्त होने के बाद ही प्रशासन द्वारा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

**मा. उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड के निर्णय के पश्चात समविश्वविद्यालय द्वारा किसी भी समिति का गठन मान्य नहीं है। अतः उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में पूर्व में गठित समितियों द्वारा जो भी निर्णय लिए गये हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया। प्रबन्ध मण्डल ने**

**मा. उच्च न्यायालय के निर्णय का संज्ञान लेते हुए उनके अनुबन्ध की समाप्ति होने के बाद भी उनको दिये जा रहे वेतन एवं सेवाकाल पर प्रश्न चिन्ह लगाया। इसके साथ ही कुलसचिव कार्यालय की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए श्री राजेश कुमार पाण्डेय को स्थापना अनुभाग में उन्हें जो अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया। ओ.बी.सी ग्रांट में कार्यरत श्री राजेश पाण्डेय (उपकुलसचिव–फिक्स) एवं श्री पंकज कौशिक (सहायक कुलसचिव–शिक्षा अनुभाग – फिक्स वेतन एवं अतिरिक्त कार्यभार जनसंपर्क अधिकारी) के कार्यों/कृत्यों एवं आचरण की समीक्षा करते हुए एवं मा. उच्च न्यायालय, नैनीताल के अंतिम निर्णय के आलोक में इनका अनुबन्ध तत्काल प्रभाव से रद्द (निरस्त) किया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 33**

समविश्वविद्यालय के अंग गुरुकुल विद्यालय विभाग हरिद्वार एवं देहरादून, गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, गुरुकुल इंटर साइंस (पूर्व में यह समविश्वविद्यालय के विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य के अधीन हुआ करता था), ज्वालापुर इंटर साइंस, हरेराम आर्य इंटर कॉलेज के स्थायी शिक्षक एवं कर्मचारियों को समविश्वाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में क्षैतिज आधार पर 2 प्रतिशत स्टाफवार्ड के अन्तर्गत आरक्षण की व्यवस्था किये जाने हेतु प्रस्ताव।

**प्रबन्ध मण्डल ने उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में मेरिट में 05 प्रतिशत की छूट दिये जाने का निर्णय लिया।**

**प्रस्ताव संख्या 34**

समविश्वविद्यालय में पूर्व में एक वाहन (INNOVA) क्रय किया गया था, जो कि 10 वर्ष से अधिक पुराना हो चुका है। इस सम्बन्ध में एक वाहन क्रय किया जाना आवश्यक है जिससे कि समविश्वविद्यालय के अधिकारीगण समविश्वविद्यालय कार्यार्थ विभिन्न संस्थाओं एवं यू.जी.सी., एम.एच.आर.डी. इत्यादि में बैठक हेतु आवागमन सुगमता से कर सकें। अतः वाहन क्रय किये जाने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल की 18.08.2025 को होने वाली बैठक में रखा जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 35**

समविश्वविद्यालय के कुलपति को विभिन्न कार्यों हेतु भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं यू.जी.सी. इत्यादि राष्ट्रीय संस्थाओं तथा प्रायोजित संस्थाओं के पदाधिकारियों से वार्ता एवं भेंट हेतु सम्पर्क करने एवं समविश्वविद्यालय एक अन्य परिसर कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून में भी शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों से भी समय–समय पर वार्ता एवं बैठक हेतु समविश्वविद्यालय के कुलपति के दो कैम्प कार्यालय (1. दिल्ली 2. देहरादून परिसर) स्थापित

किये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। जिससे कि समविश्वविद्यालय के कार्य सुगमतापूर्वक किये जा सकें। इस सम्बन्ध में विचारार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि इस सम्बन्ध में एक समिति गठित की जाए एवं मेरिट और डिमेरिट के अनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 36**

देश के लिए जान न्यौछावर करने वाले शहीद परिवारों के आश्रितों को विश्वविद्यालय परिसर में निःशुल्क शिक्षा तथा निःशुल्क छात्रावास की सुविधा सहित सभी पाठ्यक्रमों में क्षैतिज 03 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की जाने हेतु प्रस्ताव। समविश्वविद्यालय की ओर से यह आरक्षण शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि एवं सम्मान होगा।

**प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि शहीद परिवार के उत्तरजीवियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाए तथा 03 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिये जाने हेतु एक समिति का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।**

# पूरक प्रस्ताव

**प्रस्ताव संख्या 01** समविश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित संवर्ग में कार्यरत शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को 03 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रबन्ध मण्डल की बैठक की तिथि से दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। 03 प्रतिशत डी. ए. बढ़ाने पर 18 लाख रुपये का वार्षिक अतिरिक्त व्यय होगा।

**वित्तीय स्थिति के सापेक्ष प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार किया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 02** समविश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित संवर्ग में कार्यरत शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष में अधिकतम दो शिक्षक और दो शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को एल. टी. सी. दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। एल. टी. सी. सुविधा में अधिकतम 50000/– (पचास हजार रुपये) ही देय होंगे। इस सुविधा से 2,00,000 रुपये का अतिरिक्त वार्षिक व्यय होगा।

**वित्तीय स्थिति के सापेक्ष प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार किया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 03** फिक्स चिकित्सा प्रतिपूर्ति रुपये 30000/– से 40000/– करने पर 6,50,000 रुपये का अतिरिक्त वार्षिक व्यय होगा।

**वित्तीय स्थिति के सापेक्ष प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार किया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 04** समविश्वविद्यालय में विभिन्न संवर्ग में शिक्षकेत्तर कर्मचारी तदर्थ रूप में सेवाएं दे रहे हैं। संवर्ग में सेवा देते हुए कर्मचारियों को 05 से 20 वर्ष हो गये हैं। जिससे कर्मचारियों के मध्य भी वरिष्ठता क्रम में वेतन निर्धारित करने की मांग कई वर्षों से उठाई जा रही है। इससे लगभग अधिकांश तदर्थ कर्मचारियों की वेतन विसंगति सम्बन्धी समस्या का समाधान हो जाएगा।
उपरोक्त प्रस्ताव के संदर्भ में तदर्थ कर्मचारियों को निम्न श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है –

| सेवाकाल वर्ष | वार्षिक वृद्धि प्रतिशत |
|---|---|
| 1. 0 – 7 | 03 प्रतिशत |
| 2. 7 – 15 | 05 प्रतिशत |
| 3. 15 – 20 | 07 प्रतिशत |
| 4. 20 से अधिक | 09 प्रतिशत |

**प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार किया गया और सम्पूर्ण विवरण सहित प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 05** तदर्थ कर्मचारियों को फिटमेंट टेबल के अनुसार बेसिक सैलरी के सापेक्ष आ जाने पर वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने के संदर्भ में।
विश्वविद्यालय में कार्यरत तदर्थ कर्मचारी जो बेसिक सैलरी पर पहुंच गये हैं, उन्हें फिटमेंट फैक्टर के अनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि विगत 5 वर्षों से नहीं मिल पा रही है। यह प्रस्तावित है कि प्रत्येक तदर्थ कर्मचारी को प्रतिवर्ष वार्षिक वृद्धि अवश्य देय होगी।

**प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार किया गया और सम्पूर्ण विवरण सहित प्रबन्ध मण्डल की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।**

**प्रस्ताव संख्या 06** मृतक आश्रित कर्मचारियों को तत्काल नियुक्ति दिया जाने के संदर्भ में प्रस्ताव।

कुलपति जी ने सदन को बताया कि पूर्व में जब किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती थी। तो तुरन्त ही उसके परिवार को मृतक आश्रित में नियमित वेतनमान में नियुक्ति दे

दी जाती थी। प्रस्तावित है कि मृतक आश्रित में परिवार के सदस्य को तुरन्त नियुक्ति प्रदान किये जाने के संदर्भ में प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार किया गया कि मृतक आश्रित परिवार को अविलम्ब नियमित रोजगार दिया जाना चाहिए । इसी क्रम में शिक्षा मंत्रालय/यू.जी.सी. के पत्रों सहित सम्पूर्ण विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।**

**प्रस्ताव संख्या 07**

माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल में अनेक वाद चल रहे हैं जिस हेतु समय–समय पर अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाता है। माननीय उच्च न्यायालय में समविश्वविद्यालय का पक्ष रखने वाले पूर्व के अधिवक्ता श्री आदित्य सिंह द्वारा समविश्वविद्यालय के विभिन्न वादों की पैरवी करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए त्यागपत्र दे दिया था। विशेश स्थिति में एडवोकेट डॉ0 अजयवीर सिंह पुण्डीर को माननीय उच्चतम न्यायालय, दिल्ली एवं उच्च न्यायालय, नैनीताल को अग्रिम आदेश तक समविश्वविद्यालय के अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रबन्ध मण्डल की स्वीकृति के उपरान्त समिति के माध्यम से इनका पारिश्रमिक निर्धारित किया जाएगा। समिति गठित किये जाने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव स्वीकार किया गया। 95000 रुपये प्रतिमाह रिटेनरशिप फीस के रूप में देय होगा एवं कोई भी नया वाद न्यायालय में दाखिल होने पर अधिवक्ता को 25000 रुपये अतिरिक्त (प्रति वाद) देय होगा।**

**प्रस्ताव संखा 08**

गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की समस्त भूमि, सम्पत्ति किसी भी परिस्थिति में खुर्द–बुर्द अथवा बेची नहीं जायेगी।

**उपरोक्त प्रस्ताव में प्रबन्ध मण्डल के संज्ञान में यह लाया गया कि पूर्व में गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की बहुत सी सम्पत्ति एवं भूमि खुर्द–बुर्द और बेची जा चुकी है। इस संबंध में प्रबन्ध मण्डल ने यह निर्णय लिया कि एक इंच भूमि भी बेची नहीं जाएगी और बिकी हुई भूमि को हर हाल में वापस लाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति समविश्वविद्यालय की संपत्ति अथवा भूमि को खुर्द–बुर्द करेगा तो उस पर कठोर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित है।**

## अन्य प्रस्ताव

**प्रस्ताव संख्या 01**

मा. कुलाधिपति जी के समक्ष प्रो. रूपकिशोर शास्त्री, पूर्व कुलपति एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर द्वारा मा. उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में दायर याचिका **WPSB 675/2024** के अन्तर्गत न्यायालय के आदेश 18.10.2024 के क्रियान्वयन हेतु एक प्रत्यावेदन अपने गतशेषों के सम्बन्ध में प्रस्तुत किया गया। जिसे मा. कुलाधिपति जी द्वारा कुलपति जी को प्रबन्ध मण्डल में निर्णय लेने हेतु प्रेषित किया गया। उक्त प्रत्यावेदन को प्रबन्ध मण्डल की बैठक में निर्णय तथा क्रियान्वयन हेतु प्रस्तुत किया गया।

**उक्त प्रस्ताव के संदर्भ में प्रबन्ध मण्डल ने यह निर्णय लिया कि मा. उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा 18.10.2024 को प्रदत्त आदेश एवं निर्णय के आलोक में प्रो. रूपकिशोर शास्त्री को सभी गतशेष (All Admissible Dues) – शेष वेतन, आवासीय भत्ता एवं पेंशन इत्यादि सभी देय शीघ्र प्रदान कर दिये जाएं।**

13.8.25

# गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय) हरिद्वार

(यू0जी0सी0 एक्ट 1956 के सेक्शन 3 के अन्तर्गत समविश्वविद्यालय)

## प्रबन्ध–मण्डल की 27 वीं बैठक की कार्यवाही

**दिनांक** : 25.07.2025
**समय** : अपराह्न 01:00 बजे
**स्थान** : ए0आई0यू0, नई दिल्ली

**बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही :**

| **क0 सं0** | **नाम** | **पद** |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रभात कुमार | मान्य कुलपति, अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 एस0एम0 शर्मा | मान्य कुलाधिपति जी द्वारा नामित शिक्षाविद् सदस्य |
| 3. | डॉ0 हरि प्रकाश शर्मा | मान्य कुलाधिपति जी द्वारा नामित शिक्षाविद् सदस्य |
| 4. | डॉ0 प्रतिभा मेहता लुथरा | मान्य कुलाधिपति जी द्वारा नामित शिक्षाविद् सदस्या |
| 5. | श्री पी0के0 बैनर्जी | शिक्षा मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के परामर्श से नामित सदस्य (ऑनलाईन) (अनुपस्थित) |
| 6. | श्री विनय आर्य | प्रायोजक संस्था (Sponsoring Body) सदस्य |
| 7. | श्री अशोक कुमार पुरथी | प्रायोजक संस्था (Sponsoring Body) सदस्य |
| 8. | डॉ0 राजेन्द्र विद्यालंकार | प्रायोजक संस्था (Sponsoring Body) सदस्य |
| 9. | श्री कृपाल सिंह | प्रायोजक संस्था (Sponsoring Body) सदस्य |
| 10. | प्रो0 नवनीत | वरिष्ठ प्रोफेसर, सदस्य |
| 11. | प्रो. हेमलता के. | वरिष्ठ संकायाध्यक्ष, सदस्या – **अनुपस्थित** |
| 12. | प्रो. सुरेखा राणा | वरिष्ठ संकायाध्यक्ष, सदस्या – **अनुपस्थित** |
| 13. | डॉ0 मनोज कुमार | वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर, सदस्य |
| 14. | डॉ0 हेमन पाठक | कॉर्डिनेटर, कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून – **विशेष आमंत्रित सदस्य** |
| 15. | प्रो0 राकेश कुमार, वित्ताधिकारी | **विशेष आमंत्रित सदस्य** |
| 16. | प्रो0 सुनील कुमार, कुलसचिव | सचिव–संयोजक |
| 17. | श्री देवेन्द्र कुमार | संयुक्त कुलसचिव |

**ईश वन्दना के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।**

**प्रस्ताव संख्या 01** प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 25.07.2025 प्रातः 11.00 बजे की कार्यवाही की सम्पुष्टि।

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 25.07.2025 प्रातः 11.00 बजे की बैठक की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन कर सम्पुष्ट किया गया।

**शान्ति पाठ के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

13.8.25